# मानव सेवा के लिए तत्पर हों चिकित्सक

## सीएम ने समझौता ज्ञापन बैठक को संबोधित करते हुए कहा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मरीज की चिकित्सा सिर्फ एक व्यवसाय नहीं, यह मानव सेवा का एक माध्यम है. हमें ऐसे चिकित्सक तैयार करने है, जो मानव सेवा और मरीज की सेवा के लिये तत्पर हो.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समत्व भवन में आयोजित एक समझौता ज्ञापन बैठक को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की उपस्थिति में राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग तथा सेवांकुर भारत, डॉ. बाबा साहेब



आम्बेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान, छत्रपति संभाजी नगर महाराष्ट्र के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर आदान-प्रदान किया गया. एमओयू की अवधि 5 वर्ष की है. इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य मप्र को सेवा-प्रधान स्वास्थ्य नेतृत्व का मॉडल राज्य बनाना है. एमओयू का मुख्य लक्ष्य सेवा-प्रधान डॉक्टरों की ऐसी पीढ़ी तैयार करना है, जो व्यवसायिक ही नहीं, समाज में परिवर्तन के वाहक भी बनें. यह एमओयू अनुभव-आधारित शिक्षण व मूल्य-आधारित नेतृत्व विकास अर्थात् सेवा के जरिये सीखने के सिद्धांत पर आधारित है. इसमें एक सप्ताह देश के नाम, कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें लगभग 300 प्रतिभागियों को छत्रपति संभाजीनगर में गहन प्रशिक्षण दिया जायेगा. इस कार्यक्रम के बाद निरंतर सहभागिता के लिए अनुभव साझा सत्र एवं व्यक्तित्व विकास शिविर भी आयोजित किये जायें. इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल सहित सेवांकुर भारत प्रकल्प के पदाधिकारी भी मौजूद थे.

### आम जन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने प्रतिबद्ध

यहां बता दें कि डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान की स्थापना वर्ष 1989 में समाज के प्रति समर्पित चिकित्सकों द्वारा की गई थी. विगत तीन दशकों में संस्था ने 70 लाख से अधिक वंचित एवं जरूरतमंद रोगियों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं करुणामय चिकित्सा सेवा प्रदान की है. संस्था का केंद्र बिंदु डॉ. हेडगेवार रुग्णालय, छत्रपती संभाजीनगर है, जो सेवाभाव, सादगी एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता के साथ आम जन तक उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिये प्रतिबद्ध है.

# स्लॉट बुक होने के बाद भी गेहूं खरीदी अटकी, आंदोलन की चेतावनी

- भरे गोदामों से किसान परेशान, भुगतान में भी देरी
- एक हफ्ते से गेहूं लदी ट्रालियों की केंद्रों पर लगी लंबी कतारें

**इंदौर.** जिले में गेहूं खरीदी व्यवस्था अव्यवस्थित हो गई है. स्लॉट बुक होने के बावजूद बड़े और मध्यम किसान गोदाम भर जाने की समस्या से जूझ रहे हैं. हालात यह हैं कि पिछले एक सप्ताह से किसानों के गेहूं से भरे वाहन खरीदी केंद्रों और गोदामों के बाहर लाइन में खड़े हैं, जबकि कई किसानों का गेहूं घरों पर ही ट्रालियों में भरा पड़ा है.

किसान नेता हंसराज मंडलोई ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पहले किसान स्लॉट बुकिंग में तारीख पर तारीख के चक्कर में उलझे रहे. शादी ब्याह के सीजन में भी किसान अपनी फसल नहीं बेच पाए और अब बैंक डिफॉल्टर बनने की कगार पर पहुंच गए हैं. उन्होंने बताया कि उनके स्वयं के 143 क्विंटल गेहूं का स्लॉट 14 मई को बुक हुआ, जिसमें दो ट्राली तौलने के बाद गोदाम भरने का हवाला देकर खरीदी रोक दी गई. शेष गेहूं पिछले पांच दिनों से ट्रैक्टर-ट्राली में ही भरा पड़ा है. इसी तरह किसान धीरज चौहान भी चार ट्रालियों में गेहूं भरकर खरीदी के लिए तैयार खड़े हैं. उनका स्लॉट एक सप्ताह पहले बुक हो चुका है, लेकिन गोदाम नहीं मिलने के कारण तौल नहीं हो पा रही है, जिससे गेहूं खराब होने की आशंका बढ़ गई है.

किसानों का आरोप है कि जिला खाद्य अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन वे फोन तक नहीं उठा रहे हैं. इससे किसानों में नाराजगी बढ़ रही है. किसान नेता ने सरकार से मांग की है कि शेष किसानों का गेहूं जल्द खरीदा जाए.







### विधानसभा अध्यक्ष इलेक्ट्रिक कार से हुए रवाना

**ग्वालियर.** डीजल और पेट्रोल की बचत की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर पहल करते हुए विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने भी डीजल और पेट्रोल की बचत करना शुरू कर दिया है. विधानसभा के अध्यक्ष तोमर ग्वालियर स्थित अपने शासकीय आवास से इलेक्ट्रिक कार से रवाना हुए. वह अपने वाहन से ही गंतव्य के लिए रवाना हुए हैं.


# आग उगल रही गर्मी, 32 जिलों में लू का अलर्ट

**रात में भी गर्मी से राहत नहीं**

**आने वाले दिनों बढ़ सकता है तापमान**

**भोपाल, 18 मई. मध्य प्रदेश इस समय भीषण गर्मी और लू की चपेट में है. प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है.**

मौसम विभाग ने 32 जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी करते हुए कई जिलों में ऑरेंज और येलो अलर्ट घोषित किया है. आने वाले चार दिनों में तापमान 2 से 3 डिग्री तक और बढ़ने की संभावना जताई गई है. प्रदेश का सबसे गर्म जिला राजगढ़ रहा, जहां अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. वहीं रतलाम में 44.8 डिग्री, खंडवा में 44.5 डिग्री, खजुराहो और नौगांव में 44.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया. राजधानी भोपाल में 42.7 डिग्री, इंदौर में 42.8 डिग्री, ग्वालियर में 42.6 डिग्री और उज्जैन में 43 डिग्री तापमान रहा. तेज धूप और गर्म हवाओं ने दिनभर लोगों को बेहाल रखा.



> मौसम केंद्र अनुसार ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, सागर, जबलपुर, दमोह, छतरपुर, पन्ना, सतना, रतलाम, खरगोन, खंडवा और बुरहानपुर समेत कई जिलों में लू का असर बना रहेगा. मालवा-निमाड़ क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित नजर आ रहा है, जहां तापमान सामान्य से 2 से 5 डिग्री अधिक दर्ज किया गया. गर्मी का असर रात में भी कम नहीं हो रहा है. राजगढ़ में न्यूनतम तापमान 30 डिग्री, भोपाल में 28.4 डिग्री और जबलपुर में 28 डिग्री दर्ज किया गया.

# रीजनल पार्क में ऑपरेशन मजनू स्टिंग में दो मनचलों को दबोचा

- महिला पुलिसकर्मियों को सादे कपड़ों में किया तैनात

**इंदौर.** महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा को लेकर राजेंद्र नगर पुलिस ने रात में रीजनल पार्क क्षेत्र में गुप्त स्टिंग ऑपरेशन चलाकर दो मनचलों को रंगे हाथों पकड़ लिया. ऑपरेशन सीक्रेट मिडनाइट और ऑपरेशन मजनू के तहत की गई इस कार्रवाई में महिला पुलिसकर्मियों को सादे कपड़ों में तैनात किया गया था.

रीजनल पार्क क्षेत्र से युवतियों और महिलाओं के साथ लगातार छेड़छाड़, सीटी बजाने, फब्तियां कसने की शिकायतें मिल रही थीं. शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह और एडिशनल डीसीपी मयंक अवस्थी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया गया. इसके तहत महिला पुलिसकर्मियों और सिविल ड्रेस में जवानों की टीम बनाई गई. रविवार रात करीब 9 से 10 बजे के बीच दो महिला आरक्षकों को आम युवतियों की तरह सादे कपड़ों में पार्क क्षेत्र में भेजा, जबकि बैकअप टीम आसपास तैनात रही. जैसे ही महिला आरक्षक वहां पहुंचीं, दो युवकों ने सीटी बजाते हुए हेलो मैडम, आपका नंबर मिलेगा क्या? जैसी अभद्र टिप्पणियां कीं.

### एक नजर में

**भाजपा, कांग्रेस विधायकों ने निकाली रैली**

**शिवपुरी.** इंदौर से शिवपुरी आ रही एक निजी यात्री बस में आग लगने की घटना में चार वर्षीय बालक की मृत्यु के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर भाजपा और कांग्रेस विधायकों ने नागरिकों के साथ रैली निकालकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा. एक दिन पूर्व देवास के निकट इंदौर-शिवपुरी मार्ग पर चल रही एक निजी यात्री बस में अचानक आग लग गई थी, जिसमें चार वर्षीय बालक अनय जैन की जलकर मृत्यु हो गई थी. घटना के विरोध में आज शहरवासियों ने रैली निकालकर बस संचालक और अन्य जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की.

**1 लाख रिश्वत लेते धराया जिला परियोजना समन्वयक**

**धार.** लोकायुक्त इंदौर की टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला शिक्षा केंद्र धार में पदस्थ जिला परियोजना समन्वयक प्रदीप कुमार खरे को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया. आरोपी ने शौचालय निर्माण कार्य के पूर्णता प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के बदले 5 प्रतिशत कमीशन के रूप में 17 लाख रुपए की मांग की थी. महालक्ष्मी नगर धार निवासी दिलीप साधव, जो जिला शिक्षा केंद्र में प्रभारी सहायक यंत्री के पद पर पदस्थ हैं, ने लोकायुक्त से शिकायत की थी. शिकायत में बताया गया कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले में 122 शौचालयों के निर्माण के लिए करीब 3.42 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं.

# कार-बाइक भिड़ंत में दो की मौत

**उमरिया, 18 मई. ताला-मानपुर मार्ग पर सरमनिया मोड़ के पास आज सोमवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार कार और मोटरसाइकिल की जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार हैदर खान (40 वर्ष), टायर दुकान निवासी मानपुर की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं बाइक पर सवार अनिल रजक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका बायां पैर बुरी तरह टूट गया था.**

घटना के बाद ताला चौकी पुलिस की मदद से घायल अनिल रजक को गंभीर हालत में सीएचसी मानपुर लाया गया. परिजनों का आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के



बाद भी समय पर एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई और परिजनों के सामने ही उन्होंने दम तोड़ दिया. घटना के बाद अस्पताल परिसर में आक्रोश का माहौल बन गया. मृतक के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं. उनका कहना है कि यदि समय पर एम्बुलेंस और बेहतर उपचार मिलता तो शायद अनिल रजक की जान बचाई जा सकती थी.

स्थानीय लोगों का कहना है कि सीएचसी मानपुर लंबे समय से डॉक्टरों की कमी, अव्यवस्था और संसाधनों के अभाव से जूझ रहा है. कई गंभीर मामलों में यहां केवल प्राथमिक उपचार के बाद मरीजों को रेफर कर दिया जाता है, जिससे अस्पताल अब 'रेफरल सेंटर' बनकर रह गया है.

लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने एक बार फिर स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी है और जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

# रेडक्रॉस के सिद्धांतों से संस्कारित हों विद्यार्थी

## सक्षम पीढ़ी का निर्माण : विद्यार्थियों में रेडक्रॉस की गतिविधियों को करें प्रोत्साहित

**भोपाल, 18 मई. मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि रेडक्रॉस के सिद्धांत बच्चों में सेवा, सद्भाव, करुणा और संवेदनशीलता विकसित करने के साथ उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं. उनका सर्वांगीण विकास कर, उन्हें आदर्श नागरिक बनाते हैं.**

श्री पटेल ने सोमवार को यहां होटल पलाश रेसीडेंसी में रेडक्रॉस की मध्यप्रदेश राज्य शाखा इकाई द्वारा आयोजित जूनियर रेडक्रॉस एवं युवक रेडक्रॉस शाखा की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही. उन्होंने कहा कि



राष्ट्र के लिए सक्षम पीढ़ी के निर्माण के लिए शैक्षणिक संस्थानों द्वारा विद्यार्थियों में रेडक्रॉस की गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए. सभी शिक्षण संस्थानों को हर विद्यार्थी को रेडक्रॉस से जोड़ने की ज़िम्मेदारी उठाना चाहिए. उन्होंने कहा है कि शैक्षणिक संस्थान, बच्चों में ज्ञान और संस्कार को प्रदान करने वाली सबसे महत्वपूर्ण इकाई है. संस्थानों को विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना चाहिए.

> उन्हें समसामयिक चुनौतियों और जीवन की प्रतिस्पर्धाओं के लिए जुझारू बनाएं. सफलताओं के दबाव और तनाव प्रबंधन से निपटने का हुनर सिखाएं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में बच्चों और युवाओं का विशेष योगदान रहेगा. ऐसे में विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों से जोड़ना होगा. कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशील बनाना होगा. आदर्श नागरिक बनाकर मानवता के ध्वजवाहक के रूप में तैयार करना होगा.



# मंत्री तुलसीराम सिलावट ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

**भोपाल, 18 मई. मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया. जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है.**

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाइयों को समझा और उन्हें जल्द से जल्द समाधान दिलाने का आश्वासन दिया. इस दौरान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ उपस्थित रहे.

# सरेराह स्कूटी रोककर बोला- तेरा नंबर दे, मैं तुझे पसंद करता हूं

## लगातार पीछा कर युवती को परेशान कर रहा था आरोपी

**इंदौर.** विजय नगर इलाके में एक सिरफिरा युवक पिछले कई दिनों से एक 26 वर्षीय युवती को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था, लेकिन युवती डर और लोकलाज के चलते चुपचाप सहन कर रही थी, अंततः पीड़िता ने हिम्मत दिखाई और आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

विजय नगर पुलिस के अनुसार, 26 वर्षीय पीड़िता ने विजय नगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी राजेंद्र सिंह तोमर पिता लक्ष्मण सिंह तोमर निवासी राजगढ़। पिछले कुछ समय से उसे लगातार परेशान कर रहा था। आरोपी रोजाना पीड़िता के ऑफिस के बाहर आकर बैठ जाता था और वहां उसका इंतजार करता था। जैसे ही पीड़िता ड्यूटी खत्म कर अपने घर के लिए निकलती, आरोपी अपनी गाड़ी से उसका पीछा करने लगता था। इस दौरान वह पीड़िता के साथ गाली-गलौच कर जबरन उसका मोबाइल नंबर मांगता था.

### ऑफिस के बाहर बैठकर इंतजार करता था बदमाश

पीड़िता ने अपनी रिपोर्ट में 15 मई को हुई गंभीर घटना का जिक्र करते हुए बताया कि सुबह करीब 9 बजे वह अपनी स्कूटी से सत्यसाईं चौराहे से गुजर रही थी। तभी अचानक आरोपी राजेंद्र सिंह तोमर वहां आया और उसने पीड़िता की स्कूटी के आगे अपनी गाड़ी अड़ा दी। आरोपी ने जबरदस्ती पीड़िता की स्कूटी को पकड़ लिया और उसका रास्ता रोककर सरेराह तमाशा खड़ा कर दिया। रास्ता रोकने के बाद आरोपी ने पीड़िता से सरेआम कहा, तेरा मोबाइल नंबर दे, मैं तुझे पसंद करता हूँ और मुझे तुझसे बात करना है। सरेराह बीच चौराहे पर हुई इस हरकत से पीड़िता बेहद डर गई और उसने शोर मचाया, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। घर पहुँचकर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती बताई और थाने जाकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।



# छात्रों के मुद्दों पर सरकार को घेरने उतरी यूथ कांग्रेस

- ओटीएफ अभियान का प्रदेशभर में होगा विस्तार

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 18 मई. मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस ने सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में राज्य स्तरीय 'वन टाइम फीस' अभियान की शुरुआत करते हुए भाजपा पर युवाओं और छात्रों की उपेक्षा का आरोप लगाया. संगठन ने कहा कि यह अभियान अब प्रदेशभर में जिला स्तर तक चलाया जाएगा और छात्रों के बीच व्यापक जनसंपर्क किया जाएगा.**

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया ने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकारें लगातार युवाओं के भविष्य और अधिकारों के साथ खिलवाड़ कर रही हैं. उन्होंने कहा कि शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में किए गए वादे पूरे नहीं किए गए, जिससे बेरोजगार युवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों में भारी निराशा है. घनघोरिया ने कहा कि प्रस्तावित ओटीएफ व्यवस्था के तहत अभ्यर्थियों को राज्य सरकार की सभी भर्ती परीक्षाओं के लिए केवल एक बार परीक्षा शुल्क देना होगा. इससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों पर पड़ने वाला वित्तीय बोझ कम होगा. उन्होंने बताया कि इस मांग को लेकर युवा कांग्रेस अब जिला स्तर पर अभियान चलाएगी और छात्रों के बीच संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

### ग्वालियर में 'रन फॉर ओटीएफ' मैराथन

आंदोलन के अगले चरण में 17 जून को ग्वालियर में 'रन फॉर ओटीएफ' मैराथन आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेशभर से युवाओं की भागीदारी रहने की संभावना है. युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महासचिव मितेंद्र दर्शन सिंह ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 2023 में प्रदेश में ओटीएफ लागू करने का वादा किया था, लेकिन भाजपा सरकार उसे अब तक लागू नहीं कर सकी. मीडिया विभाग के अध्यक्ष अभिज्ञान शुक्ला ने कहा कि अभियान को जनआंदोलन का रूप देने के लिए सभी जिलों में प्रेस वार्ताएं और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

**चिंता** | प्रदेश में शासन-प्रशासन की गंभीर विफलताएं लगातार उजागर हो रहीं : पटवारी

# मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड जनता के गुस्से में उजागर



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 18 मई. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि सरकार के मंत्रियों का 'रिपोर्ट कार्ड' अब बंद कमरों में होने वाली समीक्षा बैठकों से नहीं, बल्कि जनता के आक्रोश, विधायकों की नाराजगी और सरकार के भीतर बढ़ते असंतोष से सामने आ रहा है.**

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में शासन और प्रशासन की गंभीर विफलताएं लगातार उजागर हो रही हैं.

उन्होंने अलीराजपुर के हालिया राजनीतिक घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार के ही प्रभारी मंत्री ने विधायक नागर सिंह चौहान से जुड़े कथित शराब कारोबार पर चिंता जताई है, जिससे प्रशासनिक समन्वय और सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होते हैं.

पटवारी ने इंदौर में गहराते जल संकट को भी सरकार की विफलता का बड़ा उदाहरण बताया. उन्होंने कहा कि कभी देश का पहला 'वॉटर प्लस सिटी' कहलाने वाला इंदौर आज पानी की भारी कमी से जूझ रहा है.

स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि भाजपा विधायक भी सार्वजनिक कार्यक्रमों में नाराजगी जाहिर कर रहे हैं और विरोध स्वरूप कार्यक्रमों से बाहर निकल रहे हैं.

> कांग्रेस नेता ने कहा कि ये आरोप विपक्ष के नहीं, बल्कि सरकार के भीतर से सामने आ रही सच्चाइयां हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता की मूल समस्याओं के समाधान के बजाय केवल प्रचार और दिखावे की राजनीति में व्यस्त है, जबकि प्रदेश में पानी की कमी, असुरक्षा और राजनीतिक संरक्षण में शराब माफिया के बढ़ते प्रभाव से आम नागरिक परेशान हैं. पटवारी ने दावा किया कि भाजपा सरकार की प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है. उन्होंने मुख्यमंत्री से मंत्रियों के प्रदर्शन की 'राजनीतिक नौटंकी' बंद कर किसानों, बेरोजगार युवाओं, महिलाओं और आम जनता से सीधे फीडबैक लेने की मांग की.

### तेंदूपत्ता संग्रह के दौरान भालू का हमला

**सिवनी.** जिले में दक्षिण सिवनी वनमंडल अंतर्गत कुरई रेंज की बबाई बीट में तेंदूपत्ता संग्रह करने गए एक ग्रामीण पर भालू ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. सोमवार सुबह लगभग आठ बजे सुनील पिता दुर्गाप्रसाद निवाडे (35) जंगल में तेंदूपत्ता संग्रह करने गया था. इसी दौरान अचानक भालू ने उस पर हमला कर दिया. घटना के समय आसपास अन्य तेंदूपत्ता संग्राहक भी मौजूद थे, जिन्होंने शोर मचाकर भालू को भगाया और घायल ग्रामीण को सुरक्षित बाहर निकाला. घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और घायल को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया.